



# केंद्रीय बजट वाईब्रेंट भारत का वाईब्रेंट बजटः सीएम

बजट

सीएम दशक के पहले बजट के लिए केंद्रीय वित मंत्री को बधाई दी

आयकर दरों में की से निम्न मध्यम वर्ग को मिली बड़ी राहत

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने केंद्रीय बजट को वाईब्रेंट भारत का वाईब्रेंट बजट बताते हुए इस दशक का पहला बजट प्रस्तुत करने के लिए केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' को साकार करने वाला बजट है। जन आकांक्षाओं को समर्पित गांवों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों की परवाह करने वाला बजट है। आयकर की दरों में कमी लाकर निम्न मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। अर्थव्यवस्था में तेजी के लिए कारपोरेट, लघु एवं मध्यम उद्योगों, बैंकिंग क्षेत्र, व्यापारियों और स्टाअ 'अप के लिए भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में तीन बिंदुओं पर फोकस किया गया है– आकांक्षाओं का भारत, आर्थिक विकास और केयरिंग समाज। वित्तमंत्री श्रीमती सीतारमण ने बहुत सही कहा है कि "भारत डल झील में खिलता कमल है"। कृषि क्षेत्र के लिए उल्लेखित 16 सूत्री एक्शन से वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा। खेतों में सोलर पावर को बढ़ावा देने से अन्नदाता, ऊर्जादाता भी बन सकेंगे। कृषि वेयर हाउसिंग और कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा वायबिलिटी गैप फिंडग की जाएगी। विलेज स्टोरेज स्कीम, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित की जाएंगी। इन समूहों से जुड़ी महिलाएं धान्य लक्ष्मी की भूमिका निभाएंगी। किसान रेल और कृषि उड़ान योजना से किसानों के उत्पाद को मार्केट तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। हॉर्टीकल्चर के लिए 1 प्रोडक्ट 1 डिस्ट्रिक्ट की बात कही गई है। जैविक खेती के लिए ऑनलाईन मार्केट उपलब्ध करवाया जाएगा। दूध के प्रोडक्शन को दोगुना करने के लिए सरकार की ओर से योजना चलाई जाएगी। मनरेगा के अंदर चारागार को जोड़ा जाएगा। ब्लू इकॉनोमी के जरिए मछली पालन को बढ़ावा दिया जाएगा. फिश प्रोसेसिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी फोकस किया गया है। फिट इंडिया को मूवमेंट को बढ़ावा दिया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना में अस्पतालों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। टीबी के खिलाफ देश में अभियान 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' द्वारा देश को 2025 तक टीबी मुक्त किया जाएगा।

**जन आकांक्षाओं का बजटः** शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट के लिए 1 लाख करोड़ से अधिक के बजट का प्रावधान किया गया है। नए इंजीनियरों के लिए स्थानीय शहरी निकायों में इन्टर्नशिप के अवसर दिए जाएंगे। हर जिले में एक्सपोर्ट हब स्थापित किया जाएगा। नया भारत नई तकनीक का उपयोग करने वाला भारत है। डाटा सेंटर पार्क की स्थापना, 1 लाख ग्राम पंचायतों को आप्टिकल फाईबर से गांवों तक डिजीटल कनेक्टीवीटी होगी। केयरिंग सोसायटी की अवधारणा के तहत समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण और बाल विकास के लिए भी प्रावधान किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का एकाउंट हैक

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम एकाउंट किसी ने हैक कर दिया। मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी सुमित भार्गव नें एसएसपी को अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर बताया कि कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का किसी अजात व्यक्ति द्वारा फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम एकाउंट हैक कर लिया है। एसएसपी देहरादून ने साइबर क्राइम व नेहरू कालोनी पुलिस को जॉच के आदेश दिये। जांच के दौरान इंटरनेट प्रोवाइडर की पृष्टि के आधार पर सुमित कनौजिया निवासी कानपुर का नाम सामने आया, जिसके खिलाफ आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।

### गौकशी के मामले फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना सहसपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर लखनवाला के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जो गोकशी के मुकदमे में काफी समय से फरार चल रहा था। अभियुक्त फैसल उम्र 20 पुत्र नूर हसन निवासी ग्राम खुशहालपुर थाना सहसपुर पकड़े गये अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### धोखाधड़ी के मामलो में फरार चल रहे एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना कोतवाली नगर पुलिस नें काफी समय से धोखाधड़ी के मामलों में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी लक्ष्मण चौक लोकेंद्व बहुगुणा नें बताया कि अपराधियों की ध ारपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत काफी समय से फरार चल रहे दो अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना के आधार पर अमृतसर पंजाब से गिरफ्तार किया गया पकड़े गये अभियुक्त नितिन उम्र 27 पुत्र छोटेलाल निवासी 05 कावली रोड़ कोतवाली नगर देहरादून को जेल भेज दिया।

### लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के दिए निर्देश

**संवाददाता** विकासनगर। सरकारी विद्यालयों में नए शिक्षा सत्र में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए आयोजित किए जाने वाले प्रवेशोत्सव को लेकर शिक्षा विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग के ब्लाक मुख्यालय के अधिकारी और कर्मचारी भी मुस्तैद हो गए हैं। उप शिक्षाधिकारी हिमांशु श्रीवास्तव ने अधीनस्थ कर्मचारियों की बैठक लेकर शिक्षकों से संबंधित सभी लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उप शिक्षाधिकारी ने कहा कि प्रवेशोत्सव और वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी के चलते शिक्षकों को पूरा समय विद्यालय में मौजूद रहना होगा।

## 300 पेटी देशी शराब पकड़ी, दो गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना रानी पोखरी पुलिस को भारी मात्रा में चण्डीगढ़ से ट्रक द्वारा लाई जा रही 300 पेटी देशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

थाना प्रभारी रानी पोखरी राजेश शाह ने बताया कि नशा तस्करों की धरपकड़ व रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है कुछ दिनो से मुखबिर की माध्यम से सूचना प्राप्त हो रही थी कि कुछ शातिर शराब तस्कर चण्ड़ीगढ़ से पहाड़ मे शराब तस्करी का कार्य कर रहे जिस पर तत्काल थाने स्तर से एक टीम गठित कर नरेन्द्व बाई पास तिराहा के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। तलाशी के दोरान 300 पेटी देशी शराब बरामद की गई चालक व उसके साथी से थाने लाकर पुछताछ की गई तो पुछताछ के दोरान आरोपी ने बताया कि व चण्ड़ीगढ़ से सस्ते दामो में शराब लाकर गढ़वाल के पहाड़ी इलाको मे सप्लाई करते है। पुलिस को चकमा देने के लिए फर्जी नम्बर प्लेट का ईस्तमाल करते है। जॉच के दोरान ट्रक का नम्बर भी फर्जी पाया गया ट्रक का असली नम्बर युपी 16 टी 7046 है पकड़ी गई शराब की कीमत सात लाख रूपये बताई गई पकड़े गये अभियुतों की पहचान गोविंद गुप्ता उम्र 26 पुत्र महेश चन्द निवासी उदी मोड चौराहा इटावा, हरमीत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह निवासी बाहरी मौहल्ला कुरूक्षेत्र हरियाणा के रूप मे हुई।

### केंद्रीय बजट दिशाहीनः प्रीतम सिंह

**संवाददाता** देहरादून। संसद में आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए 2020–21 के बजट को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने दिशाहीन व हवा हवाई बजट करार देते हुए इसे जनता के सरोकारों से कोई वास्ता न रखने वाला बजट करार दिया। उन्होंने कहा कि घण्टों लंबे बेमतलब भाषण में वित्त मंत्री देश की बदहाल अर्थव्यवस्था के बारे में चिंतित लोगों को इस बात को नहीं समझा पायीं कि देश की अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर कैसे लाएंगी। श्री प्रीतम सिंह ने कहा कि महंगाई रोकने के लिए व बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई रोड मैप नहीं दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के एलआईसी को बेचने के निर्णय को उन्होंने विनाशकारी बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लिए भी इस बजट में कुछ नहीं है।

## बजट के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पुतला फूंका

विरोध

■ भाजपा सरकार के बजट ने आम आदमी को किया निराश

देहरादून। **संवाददाता**



केंद्र सरकार का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता।

महानगर कांग्रेस कमेटी देहरादून के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के जनविरोधी वजट के विरोध में एस्लेहाल चौक पर केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया गया।

शर्मा ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार के बजट ने आम आदमी को निराश करने का काम किया है। सरकार ने बजट में समाज के गरीब, मजदूर, किसान एवं युवा वर्ग के कल्याण के लिए कोई भी ऐसी व्यवस्था नही की है जिससे उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि देश में आज आवश्यकता इस बात की है कि रोजगार के अवसरों के सृजन हेतु बजट में व्यवस्था की जानी चाहिए थी। परन्तु सरकार ने बेरोजगारी दूर करने के संबंध में बजट में कोई भी व्यवस्था न कर युवा वर्ग के भावनाओं को कुठाराघात करने का काम किया है।

लालचन्द शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने बजट में निश्चित रूप से देश के प्रत्येक वर्ग की घोर उपेक्षा करने का काम किया है, बजट से बेरोजगारी की समस्या बढेगी, और देश में महंगाई भी बढ़ेगी। सरकार ने महंगाई को रोकने की दिशा में भी कोई गम्भीर उपाय नही किये है।उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की जनता ने भाजपा को 5 सासंद दिये है फिर भी बजट में उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य को बजट में कुछ नही दिया है जिससे राज्य की जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है।

उन्होने कहा कि वर्तमान बजट में पर्वतीय राज्यों के विकास के लिए कोई भी ठोस कदम नही उठाये गये है। अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि बजट में अल्पसंख्यकों एंव अनुसूचित जाति के विकास के लिए कोई ठोस कमद नही उठाये गये है।




### क्षेत्रवासियों में रोष

**संवाददाता** देहरादून। शीशमबाड़ा प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट न करने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।